**सौगात.** प्रधानमंत्री मोदी आज संस्थान के नये भवन का ऑनलाइन उद्‌घाटन करेंगे

# देशभर के टॉप-10 बिजनेस स्कूल में आइआइएम रांची को सातवां स्थान

अभिषेक रॉय, रांची



नयासराय रोड स्थित आइआइएम रांची का नया कैंपस.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर झारखंड आयेंगे. बुधवार को खूंटी में मुख्य कार्यक्रम होगा. यहां से वे कई स्कीम और शैक्षणिक संस्थान का ऑनलाइन उदघाटन करेंगे. इस क्रम में नयासराय रोड स्थित आइआइएम रांची के नये भवन का भी उदघाटन होगा. इधर, आइआइएम रांची ने मंगलवार को नयी उपलब्धी हासिल की. आउटलुक आइकेयर ने इंडियाज बेस्ट बी-स्कूल 2024 की टॉप 10 रैंकिंग में आइआइएम रांची को सातवां स्थान दिया है.

संस्थान का मूल्यांकन 500 अंक में किया गया था, जिसमें संस्थान को कुल 447.76 अंक हासिल हुए. विद्यार्थी-शिक्षक अनुपात में संस्थान को 100 में 100 अंक, रिसर्च के लिए 87.94, रोजगार सृजन के क्षेत्र में 95.2, संकाय गुणवत्ता के लिए 86.71 और समावेशिता व विविधता के लिए 77.91 अंक मिले. निदेशक प्रो दीपक श्रीवास्तव ने बताया कि आइआइएम रांची<bha>@</bha>2030 स्ट्रैटेजिक प्लान के तहत लगातार नये प्रयोग कर रही है. इसमें हर बिंदु पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है. देश के सरकारी प्रबंधन संस्थानों में से आइआइएम रांची का टॉप 10 में जगह बनाना बड़ी उपलब्धि है. इस रैंकिंग में और ऊपर जगह बनाने का प्रयास किया जायेगा.

**एकेडमिक ब्लॉक के 20 कमरे में सात कोर्स का संचालन:** आइआइएम रांची का नया कैंपस बन कर तैयार है. इसमें शैक्षणिक व गैर-शैक्षणिक गतिविधियां पूरी की जा रही हैं. नया कैंपस चार ब्लॉक में बंटा है. एकेडमिक ब्लॉक के 20 कमरे में 1000 से अधिक विद्यार्थी सात कोर्स एमबीए, एमबीए-ह्यूमन रिसोर्स, एमबीए- बिजनेस एनालेटिक्स, पीएचडी, इंटीग्रेटेड प्रोग्राम इन मैनेजमेंट, एग्जीक्यूटिव एमबीए और एग्जीक्यूटिव पीएचडी की पढ़ाई कर रहे हैं. प्रत्येक क्लासरूम में 50 से 135 विद्यार्थी के बैठने की व्यवस्था है. इसके अलावा एक लाइब्रेरी, एक कंप्यूटर सेंटर बनाया गया है.

एडमिन ब्लॉक में निदेशक चेंबर, एक-एक बोर्ड रूम और कॉन्फ्रेंस हॉल, फैकल्टी ऑफिस और एग्जीक्यूटिव ऑफिस तैयार किया गया है. मुख्य आयोजन के संचालन के लिए 650 व्यक्ति की क्षमता वाला स्वामी विवेकानंद सभागार और डाइनिंग हॉल है. इसके अलावा तीन ब्लॉक वाला स्टूडेंट हॉस्टल है, इसमें कुल 684 कमरे बनाये गये हैं. स्टाफ रेसीडेंस के लिए दो ब्लॉक और निदेशक आवास का निर्माण कैंपस में किया गया है. संस्थान की वास्तुकला को गृह रेटिंग में थ्री स्टार प्राप्त है. संस्थान में बहुआयामी सुविधा के साथ बिजली व्यवस्था के लिए सोलर पैनल, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की व्यवस्था की गयी है.

Prabhat Khabar, 14.11.2023, P.3